अमर उजाला 03/12/2024

महिला अधिकारों के प्रति किया जागरूक

छावनी स्थित जीएमएन कॉलेज में जागरूकता व्याख्यान में संबोधित करते वक्ता। कॉलेज

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के अंग्रेजी विभाग एवं अंग्रेजी साहित्यिक क्लब की ओर से महिला अधिकारों के विषय पर जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर अंग्रेजी विभाग की प्राध्यापिका, डॉ. ज्योति ने जीएमएन कॉलेज ऑफ नर्सिंग के विद्यार्थियों के साथ अपने विचार सांझा किए। छात्र -छात्राओं को महिला अधिकारों में शामिल हिंसा और भेदभाव से मुक्ति, शिक्षा, संपत्ति का मालिकाना हक, वोट देने का अधिकार और समान वेतन पाने का अधिकार जैसे मुद्दों की जानकारी दी।

कॉलेज में फिट इंडिया सप्ताह के अंतर्गत फन गेम्स करवाई गई। प्राचार्य डॉ. रोहित ने बताया कि आज के समय में जीवन शैली से जुड़ी बीमारियां युवाओं को प्रभावित कर रही है। इस अवसर पर डॉ. रवनीत कौर, डॉ. राजेंद्र देशवाल उपस्थित रहे। वहीं, कॉलेज में हिंदी, संस्कृत विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम करवाया गया।